राजस्थान पुलिस अकादमी में World No Tobacco Day के अवसर पर आयोजित हुआ अभिप्रेरण सत्र

''शक्ति ही जीवन है, कमजोरी मृत्यु'' यदि मनुष्य किसी कार्य को अपनी शक्ति बनाता है तो वह अपने जीवन को सार्थक करने की ओर कदम उठाता है और यदि वह किसी कमजोरी के अधीन हो जाता है तो वह उसी क्षण मृत्यु के वश में हो जाता है। तम्बाकु का सेवन एक कमजोरी है जो मनुष्य को मृत्यु की ओर अग्रसर करने का कार्य करती है। यह विचार डॉ. रमेश गांधी, अध्यक्ष, गांधी फाउण्डेशन ने राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक 31.05.2017 को World No Tobacco Day के अवसर पर आयोजित अभिप्रेरण सत्र में कही। इस अभिप्रेरण सत्र में बड़ी संख्या में राजस्थान पुलिस अकादमी के प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत ने डॉ. रमेश गांधी व उनकी टीम का स्वागत करते हुए उनके द्वारा चलाए जा रहे Joint Effort to Eliminate Tabaco (JEET) अभियान को तम्बाकु मुक्ति के लिए एक सार्थक प्रयास बताया तथा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को इस अभियान से जुडने तथा तम्बाकु मुक्त विश्व बनाने में अपना योगदान करने का आवह्‌ान किया। श्री दासोत ने तम्बाकु को विकास में बाधक बताते हुए वर्ष 2017 में इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रदत्त थीम Tobacco- A Threat to Development पर कार्य करने के संबंध में प्रेरणा दी।

गांधी फाउण्डेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लघु फिल्मों, लघु विज्ञापनों, स्वामी विवेकानन्द द्वारा दिए गए व्याख्यानों तथा कुछ रोचक गतिविधियों के माध्यम से तम्बाकु से होने वाले दुष्प्रभावों तथा इसके संबंध में चलाए जा रहे जागरुकता अभियानों के बारे में जानकारी दी। रस्सी कूदने की गतिविधि के माध्यम से लोगों को जोडने के अनूठे प्रयास के बारे में भी बताया गया तथा उसका प्रदर्शन भी किया गया। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के जुडने तथा अभियान में समाज का साथ मिलने के बारे में भी जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान पुलिस अकादमी को दिनांक 31.05.2008 को ''तम्बाकु मुक्त परिसर'' घोषित किया जाकर इसके संबंध में एक नीति बनाई गई थी तभी से अकादमी इसी नीति के तहत कार्य कर रही है तथा तम्बाकु मुक्त कार्य क्षेत्र बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अकादमी को पुरस्कृत भी किया जा चुका है।